वागड़ संदेश

wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-84 सागवाड़ा, सोमवार,22 नवम्बर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

सीएम गहलोत ने किया विभागों का बंटवारा

जयपुर। राजस्थान में बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल पुनर्गठन के बाद अब नए और पुराने मंत्रियों को विभागों के बंटवारे का इंतजार खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को विभागों का बंटवारा कर दिया है। अहम विभाग सीएम गहलोत के पास रहेंगे। बीडी कल्ला को शिक्षामंत्री बनाया है। कल्ला इससे पहले ऊर्जा विभाग में मंत्री थे। परसादी लाल मीणा को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अहम जिम्मेदारी दी है। वहीं सुखराम विश्नोई से हेमाराम चौधरी को वन विभाग की जिम्मेदारी है।

5 कैबिनेट और 2 राज्य मंत्रियों के विभाग बदले

तीन पुराने कैबिनेट मंत्रियों और राज्य मंत्री से कैबिनेट प्रमोट हुए दो मंत्रियों को मिलाकर 5 कैबिनेट मंत्रियों के विभाग बदले हैं। बीडी कल्ला से ऊर्जा, पीएचईडी लेकर उसकी जगह शिक्षा, प्रतापसिंह खाचरियावास को परिवहन की जगह खाद्य विभाग, परसादीलाल मीणा को उद्योग की जगह स्वास्थ्य विभाग दिया है।

किस मंत्री को कौनसा विभाग मिला

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत- वित्त एवं टैक्सेशन, गृह एवं न्याय, कार्मिक विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, कैबिनेट सचिवालय, एनआरआई, आईटी एवं कम्युनिकेशन, सूचना एवं जनसंपर्क, बी.डी. कल्ला- एजुकेशन, संस्कृत शिक्षा, आर्ट एंड कल्चर व एएसआई, परसादी लाल मीणा- मेडिकल एंड हेल्थ, एक्साइज, शांति धारीवाल- स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं हाउसिंग, कानून, इलेक्शन, लालचंद कटारिया - कृषि एवं पशुपालन व मत्स्य, प्रमोद जैन भाया - खान एवं पेट्रोलियम व गोपालन विभाग, उदय लाल आंजना- सहकारिता विभाग, प्रताप सिंह खाचरियावास- खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, सालेह मोहम्मद- अल्पसंख्यक मामलात विभाग, हेमाराम चौधरी- वन एवं पर्यावरण मंत्री, महेंद्रजीत सिंह मालवीया- जल संसाधन, आईजीएनपी, महेश जोशी- पीएचईडी, रामलाल जाट- राजस्व, रमेश मीणा- पंचायती राज एवं ग्रामीण, विश्वेंद्र सिंह- पर्यटन, ममता भूपेश- महिला एवं बाल विकास, भजनलाल जाटव- सार्वजनिक निर्माण, टीकाराम जूली- सामाजिक सुरक्षा, गोविंद राम मेघवाल- आपदा प्रबंधन विभाग, शकुंतला रावत- उद्योग, अर्जुन सिंह बामनिया- ट्रइबल एरिया डेवलपमेंट (स्वतंत्र प्रभार), पीएचडी, भूजल, अशोक चांदना- खेल मंत्री, स्किल डेपलपमेंट, रोजगार (स्वतंत्र प्रभार), आपदा प्रबंधन, योजना, भंवर सिंह भाटी- ऊर्जा (स्वतंत्र प्रभार) वाटर रिसोर्स, इंदिरा गांधी नहर परियोजना, राजेंद्र सिंह यादव- हायर एजुकेशन, योजना (स्वतंत्र प्रभार) गृह व न्याय राज्य मंत्री, सुभाष गर्ग- तकनीकी शिक्षा, आयुर्वेद (स्वतंत्र प्रभार) अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री, सुखराम विश्नोई- श्रम (स्वतंत्र प्रभार) राजस्व राज्य मंत्री, बृजेंद्र ओला- ट्रांसपोर्ट एंड रोड सेफ्टी (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री, मुरारीलाल मीणा- एग्रीकल्चर मार्केटिंग, स्टेट (स्वतंत्र प्रभार), टूरिज्म, सिविल एविएशन (राज्य मंत्री), राजेंद्र सिंह गुढ़ा- सैनिक कल्याण, होम गार्ड एंड सिविल डिफेंस (स्वतंत्र प्रभार), पंचायती राज व रूरल डेवलपमेंट (राज्य मंत्री)

बाल विवाह रोकथाम हेतु जारूकता कार्यक्रम आयोजित

डूँगरपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, (जिला एवं सेशन न्यायाधीश),डूंगरपुर भंवरलाल बुगालिया, के निर्देशन में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर के विधिक सहायता केन्द्र, चीखली के पी.एल.वी लक्ष्मण डामोर द्वारा ग्राम पंचायत पारडा दरियाटी में जाकर बाल-विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पी.एल.वी लक्ष्मण डामोर द्वारा उपस्थित ग्रामवसियों को कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई होने के साथ-साथ कानूनन अपराध भी है। जो बच्चों के बचपन, किशोरावस्था व शिक्षा के अवसर को छीनता है। बाल विवाह से बच्चों के शारिरिक,मानसिक, मनोवैज्ञानिक तथा भावनात्मक विकास पूर्ण से नही हो पाता हैं ऐसे में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड से समाप्त करकें महिला सशक्तिकरण की राह आसान बनाया जा सकता है। हमे बाल विवाह का विरोध करते हुए बेटीयों को शिक्षित बनाना होगा ताकि हर बच्चा शिक्षित होकर अपने समाज को आगे की और ले जा सकें। पी.एल.वी द्वारा बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताते हुए बाल-विवाह नही करने एवं करवाने हेतु शपथ दिलायी तथा ऐसे समारोह में जहां बाल-विवाह हो रहा है की सूचना शीघ्र प्राधिकरण के हेल्पलाईन नंबर 8306002116 पर देने हेतु भी प्रेरित किया।

शिशु गृह का आकस्मिक निरीक्षण

डूँगरपुर। जिला एवं सेशन न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर के अध्यक्ष शभवरलाल बुगालिया के निर्देशानुसार सचिव अमित सहलोत द्वारा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान वर्ष 2021-22 की अनुपालना में सोमवार को शिशु गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर अमित सहलोत, द्वारा शिशु गृह के निरीक्षण में स्नानघर में पर्याप्त जल आपुर्ति एवं स्वच्छता की जांच की गई। साथ ही शिशुओं के रहन-सहन में आ रही परेशानीयों आदि के संबंध में केयरटेकर से जानकारी ली गई। कोरोना महामारी के मद्देनज़र साफ-सफाई का ध्यान रखने, पर्याप्त दुरी बनाए रखने, निरन्तर हाथ धोते रहने एवं मास्क पहनने आदि निर्देशों की पालना करने हेतु संबंधित स्टाफ को निर्देशित किया गया। निरीक्षण में शिशु गृह में पेयजल की उचित व्यवस्था सहित, स्नान आदि दैनिक कार्यों हेतु जल-आपूर्ति की समुचित व्यवस्था पाई गई।

जन्मदिन पर 55 किमी दूर से जाकर दो रक्तवीरो ने किया रक्तदान

डूंगरपुर। सपना फाउंडेशन से जुड़े अनिल पण्ड्या व आशीष मेहता द्वारा बोडिगामा छोटा से डूँगरपुर की 55 किमी दूरी तय कर रक्तदान किया गया। जन्मदिन पर शुभ जीवनदायी पहल को आगे बढ़ाते हुए जागरूक रक्तवीर अनिल पण्ड्या द्वारा जन्मदिन पर रक्तदान किया एवं आशीष मेहता द्वारा मित्र अनिल पण्ड्या व भतीजे आदित्य मेहता को जन्मदिन का तोहफ़ा रक्तदान कर दिया। सपना फाउंडेशन डूँगरपुर प्रभारी पीयूष पिंडावल ने बताया कि रक्तवीरो द्वारा जन्मदिन पर 55 किमी दूर जाकर रक्तदान करना यह पहल निश्चित तौर पर डूँगरपुर के आने वाले भविष्य के लिये बहुत लाभदायक रहेगी साथ ही उन्होंने आह्वान किया कि जरूरतमंदो को प्रतिदिन रक्त की आवश्यकता रहती है अत: सक्षम लोग रक्तदान हेतु आगे आये। गौरतलब है कि वागड़ क्षेत्र में रक्तदान के प्रति आमजन में जनजागरूकता आई है इसी कड़ी में नेक पहल को आगे बढाते हुए रेयर ब्लड B नेगेटिव के दो रक्तवीरो द्वारा रक्तदान किया गया। अभी हाल ही मैं स्वच्छता की रैकिंग में प्रथम पायदान पर रहे डूँगरपुर को अब नई पहचान मिल रही है। डूँगरपुर के रक्तयोद्धा सेवा के नित नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए रक्तदान में भी आगे आ रहे है। खास बात यह है कि सेवा का जज़्बा ऐसा है कि रक्तवीर लंबी दूरी तय कर समाज के समक्ष आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर रहे है । इस अवसर पर हरिदेव जोशी चिकित्सालय डूँगरपुर ब्लड बैंक अधिकारी वंदना सिंघल, पी आर ओ पद्मेश गाँधी, डॉ सिद्धि एवं डॉ पूनम उपस्थित रहे।

12 लाख कीमत की अवैध शराब से भरा ट्रक जब्त ,ट्रक चालक को गिरफ्तार किया

डूंगरपुर। जिले की बिछीवाडा थाने की रतनपुर पुलिस चोकी ने आज लगातार दूसरे दिन भी अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। रतनपुर पुलिस ने चोकी ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बोर्डर पर नाकेबंदी करते हुए अवैध शराब से भरे एक ट्रक को जब्त करते हुए 12 लाख कीमत की शराब बरामद की है वही ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी रंजित सिंह ने बताया की मुखबिर के जरिये रतनपुर बोर्डर से गुजरात अवैध शराब की तस्करी की सुचना मिली थी।

जिस पर रतनपुर पुलिस चोकी ने रतनपुर बोर्डर पर नाकेबंदी शुरू की। इस दौरान एक ट्रक को रोककर तलाशी ली गई तो ट्रक में अवैध शराब के कार्टन भरे हुए थे। पुलिस ने ट्रक से अवैध शराब के 200 कार्टन बरामद किये जिसकी बाजार की कीमत करीब 12 लाख रुपए बताई जा रही है। इधर पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज करते हुए उदयपुर निवासी ट्रक चालक राकेश जाट को गिरफ्तार किया है।

इधर पुलिस गिरफ्तार आरोपी चालक से शराब के परिवहन के सम्बन्ध में पूछताछ कर रही है। गौरतलब है की कल भी बिछीवाडा थाने की रतनपुर पुलिस चोकी ने एक कंटेनर से अवैध शराब बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

जंगल में युवक का शव मिलने पर सनसनी फैल गई

डूंगरपुर । जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के भुवनेश्वर गाँव के पास जंगल में पेड़ से युवक का सडा-गला लटका हुआ शव मिलने पर सनसनी फ़ैल गई। पुलिस के अनुसार भुवनेश्वर गाँव के जंगल से गुजर रहे ग्रामीणों ने जंगल में पेस से एक शव रस्सी से लटका हुआ देखा जो की काफी सडा-गला था। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी बिछीवाडा थाना पुलिस को दी। सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया। वही इसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतारा और मृतक की पहचान की कोशिश की। लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई।

राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम मे काब्जा की जूही भट्ट कविता प्रस्तुत करेगी

सागवाड़ा। वडताल-स्वामिनारायण धाम मंदिर मे 3दिसम्बर 2021 को वर्ड डिसेबिलिटी के दिन राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम मे महज पॉच साल की नन्ही बेटी जूही भट्ट पुत्री हिमेश भाई भट्ट नारी शक्ति पर कविता पाठ करेगी नन्ही बेटी कक्षा पहली मे न्यु स्कूल सागवाडा मे पढती है इस नन्ही बालिका ने पूर्व मे विधान सभा चुनाव मे स्पीच दि थी , कोरोना जागरूकता मे पोस्टर बना कर आमजन तक जागरूकता संदेश दिया व जिला स्तर पर भी कविता प्रस्तुत कर चुकीं है । इस कार्यक्रम मे गवर्नर सर व मुख्यमंत्री गुजरात उपस्थित रहेगे।

मुख्यमंत्री गहलोत वागड़ पर मेहरबान :भगोरा

पूर्व प्रधान ने प्रशासन गांवो के संग अभियान में लिया भाग मुख्यमंत्री पालनहार व कन्यादान योजनांतर्गत 41000 रु का वितरण

डूंगरपुर।

राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का वागड़वासियो के आपार स्नेह है जिस वजह से वें हमेशा वागड़वासियो के लिए चिंतित रहते है यही नही वागड़ से दो विधायको को मंत्रिमंडल में सम्मिलित कर इस क्षेत्र का भरपूर विकास के मार्ग प्रशस्त किया है यह उदगार सीमलवाड़ा पंचायत समिति पूर्व प्रधान एडवोकेट निमिशा भगोरा ने आज 22 नवम्बर को सीमलवाड़ा पंचायत समिति के ग्राम पंचायत खरपेड़ा में आयोजित प्रशासन गांवो

के संग अभियान के दौरान अपने सम्बोधन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अशोक गहलोत सरकार द्वारा क्रियान्वित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए हम सभी जमीनी स्तर से काम कर रहे है। शिविर के दौरान भामाशाह कृषक रमण भाई कटारा ने विद्यालय विकास हेतु 2 बीघा जमीन दान देने की घोषणा की जिस पर उपस्थित जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने उनका फूल-मालाओं से सम्मान किया। शिविर के दौरान पट्टो का वितरण, पालनहार योजना के अंतर्गत तथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत 41000रु मौक़े दिए गए। साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा बालिकाओं को साइकिल वितरण भी की गई।

जिला स्तरीय मेडिकल फंक्शनल एसेसमेंट कैंप का आयोजन

सागवाड़ा। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया के निर्देशन में विशेष आवश्यकता वाले बालक बालिकाओं हेतु जिला स्तरीय मेडिकल फंक्शनल एसेसमेंट कैंप का आयोजन सोनी समाज के फुलई माता मंदिर वार्ड नंबर 6 पुनर्वास कॉलोनी सागवाड़ा में आयोजित किया गया जिसमें सागवाड़ा, गलियाकोट, चिखली, सीमलवाड़ा के विकलांग बच्चों व अभिभावकों ने भाग लिया अस्ति रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक, स्पीच थैरेपिस्ट एलिसको कानपुर, रोडवेज विभाग की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की तथा उक्त कैंप में मेडिकल प्रमाण पत्र बनाए तथा रोडवेज पास हेतु आवेदन लिए विकलांग बालक बालिकाओं के अंग उपकरण हेतु चयन किया गया कैंप में जलपान की व्यवस्था के साथ-साथ के अंत में भाग लेने, बालक बालिकाओं व अभिभावकों को किराए वितरण किया गया। मौके पर ही विकलांग प्रमाण पत्र तैयार कर बालक बालिकाओं को वितरित किए व वार्ड नंबर 5 के पार्षद वंदना शाह वार्ड नंबर 3 के पार्षद विमल प्रकाश कलासुआ वार्ड नंबर 7 के पार्षद भरत जोशी, ध्यानीलाल कंसारा पूर्व पार्षद मनोनीत पार्षद खुशपाल गलालिया जनप्रतिनिधि आकाश शाह मनोज आर कंसारा आदि मौजूद रहें शिविर प्रभारी प्रदीप सिंह चौहान, राकेश पंड्या एवं आशीष भावसार ने उक्त कैंप की संपूर्ण जानकारी प्रदान की।

अब खुशखबरी होगी दुगुनी, सुमन कार्यक्रम से मिलेगा निशुल्क उपचार

बाँसवाड़ा। चिकित्सा विभाग इन दिनों सुरक्षित मातृत्व आश्वासन कार्यक्रम यानी सुमन वीक आयोजित कर रहा है। इस सप्ताह के माध्यम से जन-जन तक सुरक्षित मातृत्व के लिए विभाग के प्रयासों को समझाने की कोशिश की जा रही है। सरकार भी मातृत्व सम्बंधित सभी योजनाओं को सुमन आयोजन के अधीन कर रही है।

इसके लिए हाल ही में केंद्र सरकार ने एक पुस्तक का विमोचन भी किया है। यहीं नहीं प्रसव के दौरान या पहले किसी भी परेशानी पर शिकायत निवारण की सुविधा भी दि गयी है। इसके लिए टोल फ्री नम्बर 104 घोषित किया गया है।

आरसीएचओ डॉ नरेंद्र कोहली ने प्रेस जारी कर बताया कि जस अभियान के तहत सीएचसी व पीएचसी स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। ताकि सुरक्षित मातृत्व के लिए आमजन में सरकार की योजना का प्रचार हो सके।

राउप्रावि चौकड़ी में वृक्षम फाउंडेशन द्वारा विद्यालयों में किया पौधरोपण

बच्चो ने प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

घाटोल। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चौकड़ी के छात्र-छात्राओं ने अपने आने वाले भविष्य की चुनोतियो को पर चिंतन करते हुए उसके सुरक्षित निर्धारण के लिए बीजो से पौधे बनाने, व अपने विद्यालय को प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने का बहुत ही सराहनीय संकल्प लिया मौका था वृक्षम फाउंडेशन द्वारा विद्यालयों में प्रकृति तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये जा रहे जनजागरण अभियान के अंतर्गत वृक्षम की पाठशाला कार्यक्रम का। संस्था के संस्था प्रधान चार्मी भट्ट ने बताया कि वृक्षम फाउंडेशन द्वारा प्रकृति तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विद्यालयों में चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम वृक्षम की पाठशाला का आयोजन चौकड़ी विद्यालय में किया गया ।

जहा वृक्षम के संस्थापक नीरज पाठक द्वारा छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न आयामों पर जानकारी देकर जागरूक किया गया साथ ही पर्यावरण के प्रति क्रियात्मक नजरिया रख कर कार्य करने की प्रेरणा दी। पाठक ने बच्चों से चर्चा करते हुए उन्हें दैनिक उपयोग में आने वाले फलों व सब्जियों के बीजो से पौधे बनाने की जानकारी दी तथा बच्चों को भी पौधे तैयार करने के लिए प्रेरित किया जिस पर स्कूल के बच्चों ने प्रतिक्रिया देते हुए घर पर बीजो से पौधे बनाने तथा उन्हें बड़ा कर स्कूल परिसर, मंदिर परिसर तथा गांव में उचित जगह लगा कर उसके संरक्षण तथा संवर्धन के संकल्प लिया वही स्कूल परिसर को भी प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त कर प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने के वृक्षम के अभियान में सहयोग करने का संकल्प लिया। स्कूल स्टाफ तथा पाठक के बीच भी पर्यावरण के विषय पर सार्थक चर्चा हुई जिसमें स्कूल में पोषण वाटिका निर्माण के लिए जगह चिन्हित की गई व लगाए जाने वाले पौधों के विषय मे बात हुई, स्कूल स्टाफ ने अभी बच्चो के संकल्प के साथ संकल्पित होते हुए वृक्षम के पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए चलाए जा रहे अभियान की सराहना करते हुए सक्रिय सहभागिता निभाने की बात कही। अंत मे वृक्षम के संस्थापक नीरज पाठक , छात्रों तथा स्कूल स्टाफ ने स्कूल परिसर में पौधरोपण किया।

सागवाड़ा भीखाभाई भील महाविद्यालय में विषयो का अभाव

डूँगरपुर। सागवाड़ा के राजकीय भीखाभाई भील महाविद्यालय में स्थापना वर्ष 1997 से वर्तमान शैक्षणिक सत्र तक केवल स्नातक स्तर पर कला संकाय में अध्यापन कार्य संचलित हो रहा है। स्नातकोत्तर हेतु सुविधा नही होने से बाहरी संस्थाओं या निजी संस्थाओं में जाकर महंगी फीस देकर अध्ययन हेतु विवश है साथ ही जो आर्थिक रूप से कमजोर है उनके अध्ययन में भी रुकावटे आ रही है।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन बाबत् न्यायिक अधिकारीगण की बैठक का हुआ आयोजन

डूँगरपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार विभिन्न प्रकृति के विवादों के निस्तारण के लिए वर्ष 2021 की राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 दिसम्बर को किया जाना है। जिसके संदर्भ में सोमवार को जिला एवं सेशन न्यायाधीश, डूंगरपुर भवंरलाल बुगालिया, की अध्यक्षता में डूंगरपुर के समस्त न्यायिक अधिकारीगण की बैठक का आयोजन जिला एवं सेशन न्यायाधीश, डूंगरपुर के अवकाशागार में किया गया। न्यायिक अधिकारीगण की बैठक में गोपाल बिजोरीवाल, न्यायाधीश, मोटरयान दूर्घटना दावा अधिकरण, महेन्द्र कुमार मेहता, न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय डूंगरपुर, अमित सहलोत, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर, दिनेश कुमार गडवाल, अपर जिला एवं सेशन न्यायधीश एवं अध्यक्ष तालुका विधिक समिति सागवाडा, शशि गजराना, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, डूंगरपुर, मुकेश चावला, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, डूंगरपुर एवं चन्द्र प्रकाश पाटीदार, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सागवाडा, सुसाक्षी शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट, डूंगरपुर, जयमीणा न्यायिक मजिस्ट्रेट, एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति आसपुर, मुकेश कुमार रेगर, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति सीमलवाडा एवं सुमिनाक्षी बिलौची, अति. न्यायिक मजिस्ट्रेट, डूंगरपुर साथ ही सुशीखा शर्मा, ग्राम न्यायालय आसपुर एंव दिलीप चौधरी ग्राम न्यायालय बिछिवाडा उपस्थित हुवे। मीटिंग में पिछली राष्ट्रीय लोक अदालतों में निस्तारित प्रकरणों के तुलनात्मक चार्ट द्वारा न्यायिक अधिकारीगण के प्रदर्शनों पर चर्चा की गई।

अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर द्वारा उपस्थित अधिकारीगण को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित न्यायालयों के राजीनामा योग्य लंबित प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत में रैफर करने हेतु निर्देशित किया गया तथा उन प्रकरणों में प्री-काउंसलिंग के माध्यम से अधिक से अधिक राजीनामा कराने हेतु निर्देशित किया गया। रैफर प्रकरणों में नोटिस जारी करने एवं तामील कराने हेतु भी निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त बैंक संबंधी प्री-लिटीगेशन प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से अधिक से अधिक निस्तारण किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। अध्यक्ष महोदय द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु जागरूकता शिविरों एवं अन्य साधनों के द्वारा भरसक प्रचार-प्रसार करने हेतु भी मीटिंग में निर्देशित किया गया।

अमित सहलोत, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) डूंगरपुर ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु अब तक 1011 प्रकरण एवं प्री-लिटिगेशन के 130 प्रकरणों को चिन्हित किया गया है। दिनांक 11 दिसम्बर, 2021 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 एनआई एक्ट प्रकरण, धन वसूली विवाद, बीएसएनएल, बिजली, पानी के बिल से संबंधित प्रकरण तथा अन्य राजीनामा योग्य प्रकरण रखे जाएंगे। राष्ट्रीय लोक अदालत में उभय पक्षों की सहमति से सौहार्दपूर्ण वातावरण में विवादों का निपटारा किया जाता है। लोक अदालत द्वारा निर्णित प्रकरणों में अपील नहीं होती तथा कोर्ट फीस की भी नियमानुसार वापसी हो जाती है। लोक अदालत के दिन बिजली विभाग, बीएसएनएल एवं विभिन्न बैंकों व बीमा कम्पनियों व अन्य विभागों के प्रतिनिधि, सक्षम अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।